# सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा

# महिला प्रकोष्ठ एवं उड़ान समिति

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022 -23

**राजस्थान राज्य की महिला नीति 2021 एवं मुख्यमंत्री महोदय की फ्लैगशिप योजना उड़ान के अनुसरण में महाविद्यालय में वर्ष पर्यंत की गई गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :**

## जुलाई 2023



पीजी महाविद्यालय में उड़ान योजना पर चर्चा

कालाडेरा. महाविद्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद महिला संकाय सदस्य।

कालाडेरा @ पत्रिका. कस्बे के सेठ आर एल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा की उड़ान समिति के तत्वावधान में मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना आई एम शक्ति उड़ान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महिला संकाय सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। इसमें फ्लैगशिग योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर सुझाव लिए गए। उड़ान की नोडल अधिकारी डा. राणा ताज ने बताया कि इसके अंतर्गत छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जाएंगे। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रजनी मीणा, उड़ान समिति प्रभारी डॉ. सीमा पारीक, डॉ. अनंता माथुर ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। साथ ही सुझाव दिया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं को निः शुल्क सेनेटरी, नैपकिन वितरित किए गए।



## अगस्त 2022

(i) भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने हेतु कानून पीसीपीएनडीटी 1994 से संबंधित जागरूकता हेतु स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई तथा एक रैली का आयोजन भी किया गया।




**(ii) छात्राओं में स्वच्छता संबंधी जागरूकता हेतु व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया**



**(iii) मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन**





# छात्रों को सिखाए सफलता के गुर



कालाडेरा. कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में गुरुवार को राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के अनुसरण में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ और उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. एन.के बावलिया ने कहा कि विद्यार्थियों में तनाव आजकल सामान्य बात है, किंतु अच्छी बात यह है कि इसका प्रबंधन किया जा सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की यदि तनाव रहित होकर तैयारी की जाए तो उसमें सफलता निश्चित है। मुख्य वक्ता डॉ.हनुमान बराला ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें अपने बड़ों से अपनी बातें शेयर करनी चाहिए। इससे उनकी कई समस्याओं का समाधान तो स्वतः ही हो जाएगा। परीक्षा की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन की भूमिका होती है। डॉ तुषार कांत शर्मा ने तनाव दूर करने की जानकारी दी। उड़ान समिति द्वारा छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी डॉ. सीताराम मीणा, महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ मीनाक्षी गुप्ता, उड़ान समिति सदस्य डॉ. अमिता कुमारी सहित डॉ. सीमंतिनी पालावत, डॉ.शशिकला गोरा, डॉ.गिरधारी लाल मीणा, डॉ सुरेश जाट आदि मौजूद थे। उड़ान नोडल अधिकारी डॉ.सीमा पारीक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## (iv) नेत्र संबंधी बीमारियों एवं उपचार पर व्याख्यान, नेत्रदान संबंधी जानकारी




# नेत्रदान के महत्व के बारे में बताया



भास्कर न्यूज | कालाडेरा

कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों तथा आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रदान वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेन आई बैंक सोसायटी के सदस्य गोविंद गुरबानी ने बताया कि राजस्थान में करीब 2 लाख 50 हजार कार्निया ब्लाइंड व्यक्ति हैं। हम केवल 2000 व्यक्तियों को ही दृष्टि प्रदान कर पा रहे हैं। इस बड़े अंतराल को कम किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान को वर्ष 2030 तक कार्निया ब्लाइंडनेस मुक्त करने का लक्ष्य भी है। गुरबानी में स्वयंसेवकों को नेत्रदान के महत्व के बारे में बताया, साथ ही नेत्रदान महादान की परंपरा के निर्वहन के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य एनके बावलिया ने भी नेत्रदान का महत्व बताया। इस मौके पर स्वयंसेवकों को नेत्रदान के लिए जागरूक करने के लिए एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस मौके पर रेखा विश्नोई, आशीष टॉक, शैलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## (v) योग की महत्ता एवं योगासन की जानकारी हेतु योग शिविर का आयोजन






शारीरिक-मानसिक विकास के लिए योग जरूरी- कुमावत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कालाडेरा. यहां सेठ रामेश्वरलाल सहरिया सहरिया राजकीय पीजी कॉलेज मे बुधवार को एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ और उड़ान समिति के तत्वावधान में आयोजित हुए शिविर को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक एवं -मानसिक विकास के लिए योग प्रशिक्षण शिविर के साथ-साथ हृदय संबंधी जानकारियां व जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में उपयोगी रहेगा। समिति संयोजक डॉ. सीमा पारीक ने कहा कि मनुष्य को दिल और दिमाग दोनों से काम करना चाहिए और यह तभी संभव है जब दिल और दिमाग सही तरीके से काम करें। डॉ. राजलक्ष्मी पितलिया ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए योग की महत्ता तथा योगासन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उड़ान की संयोजक डॉ. सीमा पारीक ने बताया कि योग प्रशिक्षण शिविर के पश्चात छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में डॉ प्रीति चतुर्वेदी, डॉ मनु शरद पाठक, डॉ ज्योति अरुण, डॉ दीपा जैन, डॉ सुषमा शर्मा एवं छात्रसंघ अध्यक्ष निशा यादव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कालाडेरा के सहरिया कॉलेज में योग करती छात्राएं।

## सितंबर 2022

### (i) महिला सशक्तिकरण की नवीन चुनौतियों पर व्याख्यान का आयोजन










### (ii) छात्राओं में विधिक जागरूकता हेतु दहेज अधिनियम पर व्याख्यान

### (iii) महिलाओं के विधिक एवं संपत्ति संबंधी अधिकार पर कार्यशाला

# महिलाएं किसी भी कार्य में पुरुषों से कम नहीं- डॉ.माथुर

**महिलाओं के विधिक अधिकारों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

**कैलाश पाराशर/कंट्री विजन/चौमूं**



राजस्थान राज्य महिला नीति के अनुसरण में कालाडेरा स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ, गर्ल्स मेंटरिंग एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के विधिक अधिकारों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ.अनंता माथुर ने महिलाएं किसी भी कार्य में पुरुषों से कम नहीं है। बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर खुद अपने निर्णय लेने चाहिए। इस दौरान उन्होंने भारतीय संविधान के भाग तीन में वर्णित नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संविधान ने महिलाओं को समान कार्य, समान वेतन, विधि के समक्ष समानता आदि विशेष अधिकार दिए हैं। प्राचार्य डॉ.एन.के.बावलिया ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की पर्याप्त जानकारी और उससे संबंधित जागरूकता से ही वास्तविक अर्थों में सशक्त और समानता पर आधारित समाज का निर्माण संभव है। उड़ान नोडल अधिकारी गर्ल्स मेंटरिंग एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ.सीमा पारीक ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उड़ान समिति द्वारा 86 छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए।



**(iv) महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षात्मक तकनीक की जानकारी हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**






## छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कालाडेरा स्थित सहरिया कॉलेज में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

कालाडेरा. कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में बुधवार को महिला प्रकोष्ठ एवं उड़ान समिति के तत्वावधान में छात्राओं को आत्मरक्षात्मक तकनीक का प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ.एन.के.बाबलिया ने बताया कि पुलिसकर्मी सुमन व रिंकू ने छात्राओं को प्रेरणा दी कि वे किसी पर निर्भर नहीं रहे और निडर होकर अपना कार्य स्वयं करें। उड़ान की नोडल अधिकारी डॉ.सीमा पारीक, डॉ.रामेश्वरलाल मीणा (पीटीआई) ने बताया कि छात्रसंघ अध्यक्ष निशा यादव सहित विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण भी किया। मंच संचालन डॉ.चित्रा व्यास ने किया।(निसं.)

## अक्टूबर 2022

### (i) छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी



### (ii) दुर्घटनाग्रस्त होने या अचानक बेहोश होने पर प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण

### (iii) हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा हृदय रोग से बचने के उपाय एवं जानकारी






**(iv) स्कूटी वितरण कैंप के अंतर्गत वाहनों की बीमा संबंधी जागरूकता पर चर्चा एवं ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी जानकारी**



**(v) अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर महाविद्यालय द्वारा आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महिला प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।**








## कालाडेरा में प्रार्थना सभा का आयोजन

**कालाडेरा.** कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

**कालाडेरा.** सेठ आरएल सहारिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में गांधी जयंती एवं अहिंसा दिवस पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। नोडल अधिकारी डॉ. सीमा पारीक, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने गांधीजी व शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ.एन.के. बाकलिया, कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीता गर्ग, डॉ. मानप्रकाश मीणा, डॉ. ज्योति अरुण ने भी विचार व्यक्त किए। (निसं.)

## (vi) छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे - मेहंदी, रंगोली, केश, नारा लेखन एवं रैली का आयोजन



छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन किए वितरित

### मेहंदी प्रतियोगिता में सीमा रही प्रथम

कालाडेरा. बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित करते हुए।

कालाडेरा. कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता हुई, जिसमें सीमा कुम्हार प्रथम, प्रियंका सैन द्वितीय एवं प्रिया जांगिड़ तृतीय स्थान पर रही।

निर्णायक मंडल में डॉ. सरला चौधरी, डॉ. दीपिका भंडारी व डॉ.प्रतिभा शर्मा शामिल हुई। इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.सुशीला तिवारी, नोडल अधिकारी डॉ.राना ताज, संयोजक डॉ.सीमा पारीक सदस्य डॉ. अमिता कुमारी तथा मंजू वर्मा आदि नेइस दौरान छात्राओं का निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। (निसं.)








### महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम को लेकर जागरूकता रैली निकाली

भास्कर न्यूज़ |कालाडेरा

कस्बे में स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी कालेज में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ और उड़ान समिति द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम विषय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य और संरक्षक डॉ. एनके बावलिया ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक तथा उड़ान की नोडल अभिकारी डॉ. सीमा पारीक ने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में तनु शर्मा प्रथम, अनीशा मीणा द्वितीय तथा पायल दिनकर तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान निशुल्क सैनेटरी नैपकिन वितरण कैंप का आयोजन भी किया गया, जिससे 78 छात्राएं लाभान्वित हुई। कार्यक्रम में उड़ान समिति सदस्य डॉ. अंजू यादव, डॉ.मीनाक्षी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

कालाडेरा| कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया महाविद्यालय में जागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्य।







## (viii) सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी






## नवंबर 2022

## (i) SHG के निर्माण संबंधी जानकारी एवं महिला विकास में SHG की भूमिका पर व्याख्यान
## (ii) MSME से संबंधित जानकारी एवं इनकी भूमिका पर व्याख्यान





महाविद्यालय में छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित

**छात्राओं को दी स्वयं सहायता समूह की जानकारी**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

कालाडेरा के सहरिया महाविद्यालय में आयोजित सेनेटरी नेपकिन वितरण शिविर व कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व संकाय सदस्य।

महाविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**'प्रकृति के अनुरूप शिक्षा नीति में भी बदलाव जरूरी'**

## (iii) कौशल विकास वर्तमान समय की आवश्यकता पर कार्यशाला





**(iv) स्टार्टअप हेतु बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया एवं बैंकिंग क्षेत्र की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी हेतु बैंक अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन**





## दिसंबर 2022

**(i) कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिकों द्वारा छात्राओं को कृषि क्षेत्र की नवीन तकनीकी जानकारी**

**(ii) ड्रिप इरिगेशन, ऑर्गेनिक फार्मिंग की लाभदायकता पर व्याख्यान**

**(iii) कृषि ऋण हेतु प्रक्रियाओं की जानकारी**









## जनवरी 2023

### (i) ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महिलाओं की भूमिका पर स्थानीय महिला सरपंच का प्रेरणा प्रेरणादायक व्याख्यान











व्याख्यान माला का आयोजन

'शिक्षित नारी से विकसित समाज का निर्माण संभव'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कालाडेरा. कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राजस्थान महिला नीति के अनुसरण में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को व्याख्यान माला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि नरसिंहपुरा सरपंच पपीता देवी ने कहा कि शिक्षित नारी ही विकसित राज्य, राष्ट्र और समाज का निर्माण कर सकती है।

शिक्षा, राजनीति एवं रोजगार के क्षेत्र में महिला आरक्षण ने महिला सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचार्य डॉ. एन.के. बावलिया ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से स्वयं को सक्षम बनाना चाहिए। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं देकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देकर, उनको तकनीकी रूप से सशक्त करके, कौशल विकास करके, प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में वृद्धि की जाती जा सकती है।

उड़ान नोडल अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सीमा पारीक ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति तक महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भारत की लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनका राष्ट्रीय आय में केवल 18 प्रतिशत योगदान है। इस दृष्टिकोण से उनकी स्थिति में सुधार किया जाना समय की आवश्यकता है।

मंच संचालन डॉ. अंजू यादव ने किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.रजनी मीणा, डॉ. आशा सक्सेना सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में उड़ान समिति की ओर से 111 छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। (नि.सं.)

कालाडेरा के आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यानमाला में मौजूद अतिथि व छात्राएं।



# महिलाओं की ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

कालाडेरा। महाविद्यालय में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व अन्य।

भास्कर न्यूज | कालाडेरा

कस्बे में स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में सोमवार को राजस्थान महिला नीति के अनुसरण में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत नृसिंहपुरा सरपंच पपीता देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षित नारी ही विकसित राज्य, राष्ट्र और समाज का निर्माण कर सकती हैं।

सरपंच ने कहा सरकारों द्वारा उन्हें आरक्षण का प्रावधान भी किया है। शिक्षा, राजनीति एवं रोजगार के क्षेत्र में महिला आरक्षण ने महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है परंतु लैंगिक असमानता अभी भी विद्यमान है इस और सरकार को और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनके बावलिया ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से स्वयं को सक्षम बनाना चाहिए। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वामित्व का अधिकार, तकनीकी रूप से सशक्त करके, कौशल विकास व प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में वृद्धि की जाती जा सकती है व उन्हें और सशक्त बनाया जा सकता है। उड़ान नोडल अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सीमा पारीक ने बताया कि भारतीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति तक महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भारत की लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं कृषि क्षेत्र में कार्यरत है जिनका राष्ट्रीय आय में केवल 18 प्रतिशत योगदान है। इस दृष्टिकोण से उनकी स्थिति में सुधार किया जाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस मनाया जाता है जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के महत्व तथा उनके योगदान को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में उड़ान समिति द्वारा 111 छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किये गए। इस मौके पर डॉ. अंजू यादव, महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ.मीनाक्षी गुप्ता, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रजनी मीणा, डॉ. आशा सक्सेना सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

**(ii) तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान**

**(iii) वाहन प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव पर कार्यशाला का आयोजन**






## फरवरी 2023

**(i) समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी हेतु कार्यशाला**



**(ii) सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता एवं उनसे लाभान्वित होने हेतु विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवायी गई ।**

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 26-02-2023

## राजकीय सहरिया महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

भास्कर न्यूज़ |कालाडेरा



कस्बे में स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति के अनुसरण में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ, गर्ल्स मेंटरिंग एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए सांख्यिकी अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं तथा उनके क्रियान्वयन से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं उसके निवासियों के लिए जीवन पर्यंत संचालित होती है। विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं जागरूकता आवश्यक है ताकि वह स्वयं के साथ-साथ दूसरों का भला भी कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. एनके बावलिया ने बताया कि सरकार की समाज के विभिन्न वर्गों हेतु चलाई जा रही विभिन्न समाज कल्याण की योजनाओं के बारे में पर्याप्त जानकारी होने पर ही इन योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है तथा विकसित और सशक्त समाज की कल्पना को साकार किया जा सकता है। उड़ान नोडल अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सीमा पारीक ने बताया कि सरकार ने लोगों की मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने एवं समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकार की समाज कल्याण की योजनाएं प्रारंभ की है। यह योजनाएं विशेषकर गरीब,वृद्धजन,बीमार,शा रीरिक रूप से अक्षम तथा महिलाओं से संबंधित है। कार्यक्रम में उड़ान समिति द्वारा 135 छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किये गए। इस मौके पर डॉ.पारीक,डॉ.सीताराम कुमावत, डॉ.रजनी मीणा, डॉ.मीनाक्षी गुप्ता,डॉ.अंजु यादव आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे।




पत्रिका

एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन: छात्राओं को किया राष्ट्रहित में काम करने के लिए प्रेरित

# जन कल्याणकारी योजनाओं का उठाएं लाभ: कुमावत

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, गर्ल्स मेंटरिंग एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सांख्यिकी अधिकारी एवं कार्यालय सलाहकार मुख्यमंत्री शासन सचिवालय जयपुर डॉ. सुदीप कुमावत ने कहा कि समाज में आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े जरूरतमंद एवं असहाय वर्गों तथा परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इनका लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन को जीवन पर्यन्त मिल रहा है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ एन.के.बावलिया ने सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए चलाई जा रही समाज कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। उड़ान नोडल अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ.सीमा पारीक ने बताया कि सरकारों ने लोगों की मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने एवं समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार की समाज कल्याण की योजनाएं प्रारंभ की है।

उड़ान समिति द्वारा 135 छात्राओं को नि:शुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरित किए। इस मौके पर वरिष्ठतम संकाय सदस्य डॉ.सीताराम कुमावत डॉ.रजनी मीणा, डॉ.मीनाक्षी गुप्ता डॉ.अंजू यादव आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे। (निसं.)



कालाडेरा में छात्राओं को सम्बोधित करते सांख्यिकी अधिकारी।

### छोटा पड़ा सभागार

कार्यक्रम के दौरान सभागार में छात्राओं की उपस्थिति अधिक होने के कारण जगह कम पड़ गई, जिसके चलते कई छात्राओं को गैलरी में फर्श पर बैठना पड़ा।

Date: 26/02/2023, Edition: Chomu, Page: 20
Source : https://epaper.patrika.com/

## मार्च 2023

**(i) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे रूमाल झपट्टा, 100 मीटर दौड़, नारा लेखन प्रतियोगिता**













**(ii) उड़ान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु छात्राओं में वितरण कैंप के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। परीक्षाओं से पूर्व लगातार पांच वितरण कैंपों का आयोजन कर लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया गया ।**


I M SHAKTI


I M SHAKTI









**डॉ. सीमा पारीक**
**संयोजक महिला प्रकोष्ठ**
**एवं**
**नोडल अधिकार उड़ान**